वर्ष 40 अंक 66
Pages 12
Lucknow, Wednesday,
26 December 2018
LUCKNOW EDITION
Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

www.inextlive.com Published from **LUCKNOW** ● Agra ● Bareilly ● Dehradun ● Gorakhpur ● Jamshedpur ● Kanpur ● Meerut ● Patna ● Prayagraj ● Ranchi ● Varanasi

ट्रंप ने किया ट्वीट, मैं बेचारा व्हाइट हाउस में बिल्कुल अकेला } 05
वेब पर फिल्मों की 'बाढ़' } 10

यह तो क्वार्टर फाइनल है, जनता को स्वच्छता मिशन से जोड़ना असली फाइनल

i SPECIAL

» स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा विजेताओं को सीएम ने किया सम्मानित

» स्वच्छता के लिए जनता की जागरुकता को बताया अहम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (25 Dec) :सीएम योगी आदित्यनाथ का मानना है कि स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा हर एक निकाय के लिए क्वार्टर फाइनल जैसा था. सेमीफाइनल के रूप में स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 को देखा जाए वहीं असली फाइनल तो स्वच्छ भारत मिशन से जनता को जोड़ना है. मुझे उम्मीद है कि हर कोई बेहतर प्रदर्शन करेगा. बस जरूरत है फील्ड पर काम करने की. स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा के विजेता प्रतिभागियों के लिए मंगलवार को गोमतीनगर विस्तार शहीद पथ स्थित नगरीय निकाय एवं शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए सीएम ने स्पष्ट कहाकि घर से ही बच्चों को स्वच्छता बनाए रखने की शिक्षा मिले. कार्यक्रम की शुरुआत सीएम, नगर विकास मंत्री, राज्यमंत्री नगर विकास गिरीश चंद्र यादव, मेयर संयुक्ता भाटिया ने दीप प्रज्जवलित करके की. इसके बाद सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की. तत्पश्चात सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा समाज हित में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला और प्रतिस्पर्धा में नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत स्तर पर पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वालों को सम्मानित किया. नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना ने कहाकि स्वच्छता की दिशा में अभी बहुत मेहनत किए जाने की जरूरत है. जैसे इंदौर में टीम वर्क हुआ है, ठीक उसी तरह यहां भी कदम उठाए जाने चाहिए. जनता को जागरुक किया जाना सबसे अहम कदम है. इस पर सभी को ध्यान केंद्रित करना होगा. स्वच्छता की दिशा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले गाजियाबाद, प्रयागराज, फर्रुखाबाद, झांसी और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया. स्वच्छ वार्ड प्रतिस्पर्धा में बेहतर परफॉर्म कर विजेता बनने वाले निगमों व जिला स्तर पर विकास के लिए राशि दी जाएगी. नगर निगम स्तर पर पहले स्थान के लिए 25 लाख, दूसरे स्थान के लिए 11 लाख और तीसरे के लिए 7 लाख मिलेंगे.

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

प्रदेश में तीसरा स्थान पाने पर वार्ड 96 के पार्षद अरुण तिवारी को किया सम्मानित

फैक्ट फाइल

652 निकाय प्रदेश में
12007 वार्ड प्रदेश में
110 वार्ड लखनऊ में
75 जनपद
02 हजार अंकों की कुल परीक्षा

जागरुकता के लिए मिला सम्मान

नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना की ओर से वार्डों में स्वच्छता संबंधी जागरुकता अभियान चलाने वाले स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के संयोजक सुनील मिश्रा को भी सम्मानित किया गया. इसके साथ ही अपील की गई कि सभी स्वच्छता समितियां अपनी जिम्मेदारियों का बाखूबी निर्वहन करें.

जनता की जागरुकता ने दिलाया पहला स्थान

प्रतिस्पर्धा में पहला स्थान हासिल करने वाले आगरा के मेयर नवीन जैन का कहना है कि स्वच्छता से जुड़े पांच लाख शपथ पत्र वितरित कराए गए. उन्होंने खुद एक लाख लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया. इसका ही असर रहा कि अगर कोई भी व्यक्ति गंदगी करता तो दूसरा व्यक्ति उसे टोक देता और दोबारा ऐसा न करने की अपील करता. पब्लिक की जागरुकता के साथ-साथ 60 फीसदी कूड़ा कलेक्शन कार्य कंपलीट कराया गया.

इन्हें मिला सम्मान

ये रहे स्वच्छ वार्ड (नगर निगम)

वार्ड	नगर निगम	स्टेट रैंकिंग
कटरा फुलेइल	आगरा	1
संजय नगर	गाजियाबाद	2
राजीव गांधी सेकंड	लखनऊ	3

स्वच्छ वार्ड (एनपीपी लेवल)

वार्ड	एनपीपी	स्टेट रैंकिंग
इंदिरा चौक	गजरौला, अमरोहा	1
भटियाना	राठ, हमीरपुर	2
जवाहर नगर	लोनी, गाजियाबाद	2
लाल सराय द्वितीय	नगीना, बिजनौर	3
भीमनगर	बुलंदशहर	3

(एनपीपी से तात्पर्य नगर पालिका परिषद है)

स्वच्छ वार्ड (एनपी लेवल)

वार्ड	एनपी	स्टेट रैंकिंग
प्रेम भवन	स्वामीबाग, आगरा	1
राधानगर (पी)	दयालबाग, आगरा	1
लच्छपुरा	एटा	2
परिहरपुरा मुहाल	जालौन	3

(एनपी से तात्पर्य नगर पालिका से है)